झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा — तृतीय सत्र

संख्या-02 — सोमवार, दिनांक-24 अगस्त, 2015 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 12.45 बजे अप० तक।

मानवीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

1. विविध चर्चायें-

i- माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण करते ही विपक्ष के सभी माननीय सदस्यों ने अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर, मोरहाबादी मैदान में राज्य के पारा शिक्षकों द्वारा हड़ताल किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया।

ii- झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्य अपने-अपने हाथों में पोस्टर लेकर माननीय मंत्री, श्री सी.पी. सिंह के इस्तीफे की माँग करने लगे,

iii- श्रीमती निर्मला देवी, स०वि०स० द्वारा N.T.P.C. द्वारा की गई बर्बरतापूर्ण रवैये की जानकारी सदन में दी गई जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री इरफान अंसारी एवं श्री आलमगीर आलम ने भी किया,

iv- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने पारा शिक्षकों द्वारा अपनी माँगों को लेकर हड़ताल पर जाने सम्बन्धी अपने कार्यस्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की माँग की,

v- उक्त माँगों के समर्थन में विपक्ष के सम्पूर्ण माननीय सदस्य अपने-अपने स्थान पर खड़े हो गये तत्पश्चात् सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे,

vi- आसन द्वारा माननीय सदस्यों को अपने अपने स्थान पर बैठने हेतु बार-बार आग्रह किया गया,

vii- माननीय नेता, प्रतिपक्ष के आग्रह पर सभी माननीय सदस्य अपने-अपने स्थान पर चले गये, इसके उपरांत उन्होंने पारा शिक्षकों के हड़ताल एवं माननीय मंत्री, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह पर लगे आरोपों को गम्भीर विषय बताया। इन्होंने भी माननीय मंत्री से इस्तीफे की माँग की,

viii- माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय ने अमान्य किये गये कार्यस्थगन प्रस्तावों पर चर्चा को नियम विरूद्ध बताया लेकिन, माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने इसे नियमानुकूल बताया।

2.कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना-

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव एवं श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता द्वारा पारा शिक्षकों के हड़ताल, श्रीमती निर्मला देवी द्वारा N.T.P.C. द्वारा की गई बर्बरतापूर्ण रवैये एवं माननीय सदस्य, श्री कुणाल षड़ंगी द्वारा

(P.T.O.) →

माननीय मंत्री, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह के विरूद्ध लाये गये कार्यस्थगन प्रस्तावों की सूचनाओं को नियमानुकूल नहीं होने के कारण अमान्य कर दिया गया।

(इस अवसर पर विपक्ष के माननीय सदस्य पुनः सदन की वेल में आकर पूर्व की भाँति धरने पर बैठ गये और नारेबाजी करने लगे।)

अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही 12.30 बजे अप० तक **(11.30 बजे पूर्वा० से लेकर 12.30 बजे अप० तक)** स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

3.कार्यमंत्रणा समिति के सिफारिश-

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने दिनांक-21 अगस्त, 2015 को कार्यमंत्रणा समिति द्वारा की गयी सिफारिशों पर सदन की सहमति हेतु आग्रह किया। आसन ने समिति द्वारा उक्त बैठक में की गयी निम्न सिफारिशों से सदन को अवगत कराया-

i- दिनांक-25.08.2015 और 26.08.2015 को अनुपूरक बजट पर चर्चा हो,

ii- दिनांक-26.08.2015 को विनियोग विधेयक का पारण हो,

iii- शेष कार्य यथावत् रहेंगे।

समिति की उपर्युक्त सिफारिशों पर सदन की सहमति हुई।

इसके उपरांत आसन द्वारा शून्यकाल को लिये जाने हेतु पुकारा गया, परन्तु पूर्व का माहौल पुनः उत्पन्न हो गया, इसी बीच आसन की अनुमति से माननीय मंत्री, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए वस्तुस्थिति से सदन को अवगत कराया।

1. आसन से नियमन

माननीय मंत्री, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा वस्तु स्थिति स्पष्ट किये जाने के उपरांत आसन से निम्न नियमन दिया गया-

"माननीय मंत्री, श्री सी० पी० सिंह जी का जो वक्तव्य आया है, वह सरकार का जवाब नहीं है। चूँकि उनके ऊपर आरोप लगाया गया था, इसलिए उन्होंने अपना पक्ष रखा है। इसे सरकार के उत्तर की मान्यता नहीं दी जाती है।"

4.वित्तीय कार्य-

श्री सरयू राय, माननीय संसदीय कार्य मंत्री, द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 203 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए प्रथम अनुपूरक व्यय-विवरणी सभा पटल पर उपस्थापित की गयी जिसपर कटौती का प्रस्ताव दिनांक-24.08.2015 को 4.00 बजे अप० तक सभा सचिव को दिये जाने की सूचना आसन द्वारा दी गयी।

पूर्ववत् सदन में अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए कार्यवाही मंगलवार दिनांक-25.08.2015 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

राँची,
दिनांक-24 अगस्त, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।